तुझे ना देखूं तो चेन मुझे आता नही है,
अब तेरे सिवा दिल को कोई भाता नहीं है,
सुनो मेरे श्याम मैं तेरा हो गया हूँ,
सुनो मेरे श्याम मैं तेरा हो गया हूँ।।

तर्ज तुझे ना देखू तो चेन।

तू मेरा मैं तेरा मैंने मान लिया,
तू ही मेरा सबकुछ जान लिया,
तुझसे जुदा होके ना रह पाउँगा,
सच कहता हूँ श्याम मर जाऊंगा,
मैं मर जाऊंगा,
दिल तेरे बिना कुछ भी सह पाता नहीं है,
अब तेरे सिवा दिल को कोई भाता नहीं है,
सुनो मेरे श्याम मैं तेरा हो गया हूँ,
तुझे ना देखू तो चेन मुझे आता नही है,
अब तेरे सिवा दिल को कोई भाता नहीं है,
सुनो मेरे श्याम मैं तेरा हो गया हूँ।।

जबसे देखि श्याम सूरत तुम्हारी,
तबसे चढ़ी मुझे तेरी खुमारी,
लगता नहीं है दिल तेरे बिना,
मुश्किल हुआ है तेरे बिन जीना,
बेचैन मेरा ये मन रह पाता नहीं है,
अब तेरे सिवा दिल को कोई भाता नहीं है,

सुनो मेरे श्याम मैं तेरा हो गया हूँ।।

हारा दिल मैं तुझपे वारा जीवन अपना,
सांवरे संबंध ये बनाए रखना,
कुंदन चमके जैसे चमके चन्दन,
मैंने तुमसे बांधा प्रेम का बंधन,
तेरे होते डाया घबराता नहीं है,
अब तेरे सिवा दिल को कोई भाता नहीं है,
सुनो मेरे श्याम मैं तेरा हो गया हूँ।।

तुझे ना देखूं तो चेन मुझे आता नही है,
अब तेरे सिवा दिल को कोई भाता नहीं है,
सुनो मेरे श्याम मैं तेरा हो गया हूँ,
सुनो मेरे श्याम मैं तेरा हो गया हूँ।।

Singer Sunil Daya Namdev

Source:
https://www.bharattemples.com/tujhe-na-dekhu-to-chain-mujhe-aata-nahi-hai-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw